कार्यालय जनपद न्यायाधीश, सुलतानपुर।

निविदा सूचना

जनपद न्यायालय, सुलतानपुर में वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए ठेका साइकिल स्टैण्ड एवं स्टेशनरी दूकान हेतु अलग–अलग सीलबन्द निविदायें निर्धारित फार्म पर दिनांक–24.09.2016 को 12.00बजे तक आमंत्रित की जाती है। नियत समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्राप्त निविदायें दिनांक–24.09.16 को समय 1.00 बजे नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, सुलतानपुर में नीलामी समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ साइकिल स्टैण्ड की प्रतिभू धनराशि रू0 5000/–एवं स्टेशनरी दूकान की प्रतिभू धनराशि रू0 1000/– नकद जमा करना अनिवार्य होगा। जो निविदायें स्वीकृत नहीं होगी उनकी प्रतिभू धनराशि उसी दिन या अगले कार्य दिवस में निविदाकर्ता को वापस कर दी जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार जनपद न्यायाधीश, सुलतानपुर को है।

निविदा फार्म, निविदा के नियम व शर्ते माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की आफिसियल बेबसाइट www. allahabadhighcourt.in एवं जनपद न्यायालय सुलतानपुर की आफिसियल बेबसाइट ecourts.gov.in/sultanpur पर उपलब्ध है तथा निविदा फार्म नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, सुलतानपुर में भी उपलब्ध है।

(अभय कृष्ण तिवारी)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला जज/फास्ट ट्रैक कोर्ट,
सुलतानपुर।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, सुलतानपुर।

ठेका साइकिल स्टैण्ड एवं स्टेशनरी दूकान वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु निविदा की शर्ते

1. . निविदा स्वीकृत किये जाने की दशा में निविदाकर्ता को निविदा में अंकित ठेके की धनराशि की 1/3 धनराशि तुरन्त जमा करना होगा शेष धनराशि दो समान किश्तों में माह नवम्बर 2016 एवं जनवरी 2017 में जमा करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा कर्ता को साइकिल/मोटरसाइकिल को स्टैण्ड में रखने की दर निविदा में अंकित करना अनिवार्य है। साइकिल स्टैण्ड की निविदा हेतु प्रतिभू धनराशि रू0 5000/–(पॉच हजार रूपये) एवं स्टेशनरी दूकान हेतु प्रतिभू धनराशि रू0 1000/–(एक हजार रूपये) नकद जमा करना होगा।
3. निविदा में अंकित रेट अनुसार ही साइकिल स्टैण्ड में वसूली का अधिकार होगा।
4. स्वीकृत निविदा कर्ता को नगरपालिका परिषद एवं जिला परिषद सुलतानपुर को देय समस्त कर स्वयं वहन करना होगा।
5. स्वीकृत निविदा कर्ता को निविदा स्वीकृत होने के 10दिन के अन्दर अनुबन्ध करना होगा जिसका सम्पूर्ण व्यय निविदा कर्ता का होगा।
6. जनपद न्यायाधीश, सुलतानपुर को यह अधिकार है कि वह निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त कर सकते हैं।
7. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र जनपद न्यायालय, सुलतानपुर का होगा।

(अभय कृष्ण तिवारी)
प्रभारी अधिकारी नजारत/
अपर जिला जज/फास्ट ट्रैक कोर्ट
सुलतानपुर।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, सुलतानपुर।

ठेका साइकिल स्टैण्ड/स्टेशनरी दूकान हेतु निविदा आवेदनपत्र

पासपोर्ट साइज
नवीनतम फोटो

निविदा खुलने का स्थान–नजारत अनुभाग
तिथि एव समय –24.09.16 समय 1.00बजे

1. निविदा कर्ता का पूरा नाम –
2. पिता का नाम –
3. वर्तमान स्थायी पता –

4. मोबाइल नम्बर –
5. ठेके की धनराशि (अंको में) –
   (शब्दो में) –

6. पहचान पत्र का विवरण –

निविदा कर्ता के हस्ताक्षर

(अभय कृष्ण तिवारी)
प्रभारी अधिकारी नजारत/
अपर जिला जज/फास्ट ट्रैक कोर्ट
सुलतानपुर।